संक्षिप्त समाचार

कस्बे में डाक चौपाल का आयोजन किया



पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)। कस्बे मे शुक्रवार को सुनील गर्ग सहायक डाक अधिक्षक शाहपुरा के निर्देशन मे डाक चौपाल का आयोजन किया पावटा डाक सहायक राकेश मीणा व डाक अधिदर्शक विकी मीणा ने कस्बे मे डाक विभाग की याजनाओ कि जानकारी दी राकेश मीणा ने डाक चौपाल में लोगों को डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना सहित डाक विभाग की अन्य बचत एवं बीमा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया विकी मीणा ने योजनाओं की विशेषताओं, लाभ और उनसे जुड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी. साथ ही लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया. डाक विभाग की इस पहल की लोगों ने सराहना की. हर नागरिक को डाकघर से जोड़ना ही लक्ष्य है मौके पर सहायक डाक अधीक्षक सुनील गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम का स्लोगन 'डाक विभाग आपके द्वार' है. इसी उद्देश्य के साथ विभाग आगे बढ़ रहा है. प्रत्येक नागरिक को डाकघर से जोड़ा जाये, ताकि वे विभाग की आसान, सुलभ और लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें डाक चौपाल में पोस्टमास्टर एसएन बुनकर अविन्द्र मीश्रा रमेश पारीक भुपेन्द्र सिंह रोहीत अजय मुकेश खन्ना जितेन्द्र रवि जतीन सहित कई डाककर्मी और आमजन उपस्थित रहे

श्रीकृष्ण गौशाला का निरीक्षण कर एसडीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार ने शुक्रवार को प्रागपुरा कस्बे की श्रीकृष्ण गौशाला का निरीक्षण कर गोवंशों के लिए चारा-पानी, साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध मिला। एसडीएम ने गोवंशों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बताया कि गौशाला में गोवंशों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए पशु चिकित्सक नियमित रूप से पहुंच रहे हैं। बीमार गोवंशों का समय पर उपचार भी कराया जा रहा है। उन्होंने गौशाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और कहीं भी गंदगी एकत्रित नहीं होने देने पर विशेष जोर दिया। एसडीएम बृजेश कुमार ने कहा कि गोवंशों को निर्धारित समय पर पर्याप्त चारा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाए, ताकि बीमार होने की स्थिति में तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोवंशों की देखभाल और व्यवस्थाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान गौशाला कमेटी अध्यक्ष एवं भामाशाह बजरंग लाल, महिपाल चौधरी, मेघराज शर्मा, रोहिताश यादव, दिलीप मुलोदिया सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।

यूनानी मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग,



प्रोग्रेसिव वेलफेयर कमेटी ने राज्यपाल को भेजा पत्र

छात्रावास, फैकल्टी, अस्पताल और सरकारी धन के उपयोग पर उठाए सवाल

टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)। राजस्थान के एकमात्र राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, टोंक में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर प्रोग्रेसिव वेलफेयर कमेटी के सरताज अहमद एडवोकेट, बिंटूराम सैनी, अमजदुल्लाह खां सहित कई पूर्व विद्यार्थियों ने मांग करते हुये राज्यपाल को पत्र भेजा है। जिन्होने पत्र में कॉलेज और इससे संबद्ध अस्पताल की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि यूसुफपुरा चराई में वर्ष 2016 से संचालित इस संस्थान में करीब दस साल बाद भी नियमित भर्तियों, पर्याप्त फैकल्टी और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। शिकायतकताओं का आरोप है कि नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होने से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे चिकित्सकीय शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। वही पूर्व विद्यार्थियों ने छात्राओं के छात्रावास को जल्द शुरू कराने और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। आरोप है कि कुछ जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते तथा वहा की व्यवस्थाओं के प्रति अपेक्षित गंभीरता एवं जवाबदेही नहीं दिखाई जा रही है, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

जिला प्रमुख का पद एससी महिला होने से मामला रोचक

जिला परिषद सदस्य के लिए नामाकंन दाखिल के साथ चुनावी सरगर्मी तेज

भाजपा से बादाम बाड़ोलिया, रेखा चंदेल, कांग्रेस से सुषमा बैरवा, अलका बैरवा सहित कई प्रत्याशी अब वार्ड वार मैदान में

पंचायती राज चुनाव-2026

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। पंचायती राज चुनाव-2026 के तहत टोंक जिले में जिला परिषद के 31 वार्डो और आठो पंचायत समितियों में सदस्य सहित पंच-सरंपचो के लिए तीसरे और चौथे चरण में चुनाव होंगे। जिसकी अधिसूचना जारी होने के बाद दोनो ही मुख्य दलो से डीआर पर लड रहे कई उम्मीदवारो ने शुक्रवार को जिला रिटर्निंग अधिकारी टीना डाबी के समक्ष अपना-अपना नामाकंन दाखिल किया है। जैसा



कि तीसरा चरण में शमिल पीपलू, पचेवर, मालपुरा (आंशिक) देवली और उनियारा क्षैत्र हेतु जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य के लिए 3 नवंबर व पंच और सरपंच के लिए 5 नवंबर 2026 को मतदान है। इसी तरह चौथा चरण की टोंक, निवाई, मालपुरा (आंशिक) और टोडारायसिंह पस. क्षैत्र में डीआर-सीआर के लिए 14 नवंबर तथा पंच और सरपंच के लिए 16 नवंबर को मतदान होना है।

ह्लजिला प्रमुख का पद पहली बार एससी महिला के लिए रिर्जव ह्ल

टोंक जिला परिषद के इतिहास में इस बार यह पहला मोका है, जब जिला प्रमुख का पद अनुसुचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। इसके चलते दोनो ही मुख्य दलो से कई नेताओं ने अपने घर-परिवार की महिलाओं को जिला परिषद सदस्य के लिए मैदान में उतारा है। जिला प्रमुख बनने की मंशा को लेकर निवाई के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रशान्त बैरवा ने अपनी धर्म पत्नि सुषमा बैरवा को वार्ड न.22 से, पूर्व डिप्टी सीएम स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा की बेटी अलका बैरवा वार्ड न. 21 से, भाजपा के जिला महामंत्री डॉ. प्रभु बाड़ोलिया ने अपनी धर्म पत्नी बादाम बाड़ोलिया को वार्ड न. 23 से, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीष चंदेल ने अपने भाई की पत्नी रेखा चंदेल को वार्ड न. 29 से, वार्ड न. 22 से मेघा कटारियां आदि चुनावी मैदान में है।

निवाई से डिग्गी पदयात्रा आज, तैयारियां जोरों पर

सीमा सन्देश संवाददाता

निवाई। श्री कल्याण पैदल यात्रा संघ के तत्वावधान में 45वीं विशाल कल्याण धाम पदयात्रा शनिवार को रवाना होगी। जिसकी तैयारियां जोर शोर पर की जा रही है। पद यात्रा संघ के कपिल खंडेलवाल व सतीश चौधरी ने बताया कि निवाई से श्री डिग्गी धाम के लिए 24 अक्टूबर को विशाल पदयात्रा जुलूस के साथ रवाना होगी। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को दोपहर में गांव बगड़ी में पदयात्रा का विश्राम रहेगा। शाम को 7 बजे श्री शिवाय मंदिर में महाप्रसादी एवं रात्रि जागरण का आयोजन होगा। 25 अक्टूबर को सुबह 5 बजे बोरखंडी बालाजी मंदिर में अल्पाहार होगा। 10 बजे लावा स्कूल में प्रसादी एवं शाम को डिग्गी जाट धर्मशाला में महाप्रसादी व रात्रि विश्राम होगा। 26 अक्टूबर को सुबह 7 बजे डिग्गी में विशाल ध्वज जुलूस निकाला जाएगा एवं कल्याण महाराज के दर्शन करके सुबह 11 बजे जाट धर्मशाला में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

पालिका की पहली बैठक सम्पन्न,नए नवेले सदस्यों के शोर के बीच पालिकाध्यक्ष की दो टूक

देवली (सीमा सन्देश संवाददाता)। नगर पालिका सदस्यों की पहली आधिकारिक बैठक का आयोजन पालिकाध्यक्ष कजोडी देवी की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में पालिका सभागार में हुआ। बैठक में शहर के तमाम वार्डो से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चचार्ये हुई। पालिका द्वारा किये गए पिछले कुछ टेंडरों से कई पार्षद नाखुश नजर आये व विरोध के स्वर अलापे वहीं साफ सफाई के मुद्दे पर एकता दिखाई। सदस्यों द्वारा पालिका में कचरा संग्रहण वाहनों की कमी पूर्ति की मांग उठाई गई। वही दीपावली से पूर्व शहर के मार्गो की विशेष स्वच्छता व सजावट के विषय पर चर्चा हुई। इसके साथ ही शहर में अस्थाई अतिक्रमण पर नकेल कसने की भी बात सामने आई। कुछ पार्षदों ने वर्तमान में पालिका कोष में बजट की कमी का हवाला देते हुए पालिका के गैर जरूरी टेंडरों को निरस्तीकरण की मांग की। गत दिनों शहर की लाइटों की मरम्मत का ठेका प्रशासक रहते 47 लाख का किया गया जबकि



यही काम लगभग सालाना 12 लाख में हो सकता हे तो 47 लाख रु पालिका किस आधार पर खर्च करेगी। इसी मुद्दे को पालिका उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन का भी सहारा मिला ओर उन्होंने उक्त ठेके को लेकर अपनी असहमति दर्ज करवाते हुए उक्त ठेके को खारिज करने का प्रस्ताव रख दिया जिसे सत्ता पक्ष के कई पार्षद तो समझ ही नहीं पाए बाद में समझ में आने पर सभी ने विद्युत मेंटिनेंस के ठेके को निरस्त करने पर सहमति जताई । बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी अमरचंद गुर्जर कई बार असहाय नजर आए ।बैठक में 4 कचरा संग्रहण वाहन,एक जे सी बी ओर दो लिफ्टर व एक डंपर खरीदने पर सहमति बनी हे। नगर पालिका में वार्डो की संख्या बढ़ जाने से सभागार भी भरा हुआ रहा।

बैठक में पालिका उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन,सौरभ जिंदल,विजय चौधरी,भीमराज जैन,के .पी .सिंह नरुका,मुकेश मनवीर सिंह,रामनिवास मीना,सीमा मिश्रा,विनोद साहू,राजबहादुर वर्मा,कुलदीप चौधरी,हनुमान साहू समेत अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे। अंत मे पालिकाध्यक्ष कजोडी देवली ने दो टूक शब्द ₹बैठक समाप्ति की घोषणा की जाती हैर के साथ इति श्री कर दी।

जिला परिषद के वार्ड 11 में त्रिकोणीय मुकाबला

पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)। कोटपूतली-बहरोड़। जिला परिषद चुनाव में इस बार वार्ड नंबर 11 में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। दी गई जानकारी के अनुसार, भाजपा से सुनीता चनेजा, कांग्रेस से सानू टाक और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बबली यादव चुनाव मैदान में हैं। वार्ड में भैंसलाना, सुजातनगर, द्वारिकपुरा, बेरीबांध, सुधरपुरा ठाड़ा, दांतील और पुरुषोत्तमपुरा पंचायतें सम्मिलित हैं। भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहीं बबली यादव पूर्व में दो बार पंचायत समिति सदस्य रह चुकी हैं। उनकी उम्मीदवारी ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। स्थानीय स्तर पर बताए जा रहे सामाजिक समीकरणों के अनुसार, वार्ड में राजपूत मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इसके बाद यादव और गुर्जर समुदाय के मतदाता हैं। अन्य समुदायों के मतदाताओं की भी चुनाव में अहम भूमिका रहेगी।

पावटा बाजार में महिला का पर्स चोरी, सोने के आभूषण व नकदी लेकर फरार हुए अज्ञात लोग

सुभाष चौक के पास खरीदारी के दौरान वारदात, करीब दो लाख रुपये के जेवरात बताए

सीमा सन्देश संवाददाता

पावटा। चोकी मे स्टाफ नही होने से चोरो के हौस लेबुलद चोरीयो से सबक ले बड़े अधिकारी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शुक्रवार को कस्बे के मुख्य बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पर्स में सोने के आभूषण और पांच हजार रुपये की नकदी रखी हुई थी। पीड़िता ने प्रागपुरा थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बिशनपुरा निवासी रीना पत्नी विवेक जाट शुक्रवार को अपनी मौसी सुमन देवी के साथ घरेलू सामान खरीदने पावटा आई थीं। दोपहर करीब 2:30 बजे सुभाष चौक के पास फल खरीदने के बाद वह नजदीकी दुकानों से सब्जियां खरीद रही थीं। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उनकी पीठ पर टंगे बैग की चेन के अंदर रखा पर्स निकाल लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार, पर्स में सोने का एक मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स की एक जोड़ी और पांच हजार रुपये नकद रखे थे। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है।

टोंक जिला परिषद के लिए कांग्रेस ने 31 प्रत्याशियों की सूची जारी की

टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिला परिषद टोंक के लिए कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी 31 सदस्यीय सूची में वार्ड नं. 1 से प्रसन्न देवी, 2 से श्रीमति बधूचरा देवी, 3 से छुट्टन सैनी, 4 से श्री छोगा लाल गुर्जर, वार्ड न 5 से एकता चौधरी, 6 से श्रीमति रचना वर्मा, 7 से कुलदीप चौधरी, 8 से मीरा देवी, 9 से आशाराम धाकड़, 10 से बुद्धिप्रकाश, 11 से विशाल मीना, 12 से रामफल मीना, 13 से माया देवी, 14 से कन्हैयालाल मीना, 15 से सुनीता देवी सैनी को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार 16 से तिलवर, वार्ड 17 से पिंकी जैन, 18 से बीरेन्द्र सिंह चौधरी, 19 से कैलाशी देवी गुर्जर, 20 से सुमन महुल्या, 21 से अलका बैरवा, 22 से सुषमा बैरवा, 23 से डालचन्द, 24 से हनुता लाल गुर्जर, 25 से मदन जाट, 26 से कर्मा चौधरी, 27 से अनीता मीना, 28 से अजय चौधरी, 29 से ममता, 30 से भरतराम चौधरी तथा वार्ड नं. 31 से सुशीला को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

भाजपा ने जारी की जिला परिषद के 31 वार्डों की सूची, इन चेहरों पर जताया भरोसा

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री बगड़ी ने जारी की

टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)। पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत टोंक जिले में जिला परिषद के 31 वार्डों के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन जी राठौड़ के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने जिला परिषद सदस्य प्रत्याशियों की घोषणा की है। घोषित सूची के अनुसार वार्ड नं. 1 से श्रीमती रेखा गुर्जर, वार्ड नं 2 से सविता कुमारी बैरवा, वार्ड नं 3 से गणेश राम सैनी, वार्ड नं 4 से रोडू लाल चौधरी, वार्ड नं 5 से सीमा, वार्ड 6 से श्रीमती प्रियंका,



वार्ड नं 7 से लक्ष्मण जाट, वार्ड नं 8 से निशा देवी, वार्ड नं. 9 से हंसराज धाकड़, वार्ड नं 10 से सीता बैरवा, वार्ड न 11 से पूरण सिंह मीणा, वार्ड न. 12 से सुरेश कुमार, वार्ड नं 13 से कैलाशी देवी, वार्ड नं 14 से चुन्नी लाल भील, वार्ड नं 15 से श्रीमती निरमा गुर्जर, वार्ड नं 16 से संतरा मीणा, वार्ड नं 17 से संतरा सैनी, वार्ड नं 18 से धारा सिंह गुर्जर, वार्ड नं 19 से श्रीमती प्रकाश देवी, वार्ड नं 20 से मीनाक्षी शर्मा, वार्ड नं 21 से मेधा कटारिया, वार्ड नं 22 से जगदीश वर्मा, वार्ड नं 23 से बादाम बडोलिया, वार्ड नं 24 से छाजू लाल, वार्ड न. 25 से बड़ी नारायण जाट, वार्ड नं 26 से ममता जाट, वार्ड नं. 27 से श्रीमती चंद्र किरण मीणा, वार्ड नं 28 से नंद लाल गुर्जर, वार्ड नं 29 से रेखा चंदेल, वार्ड नं. 30 से खुशबू चौधरी तथा वार्ड नं. 31 से गिरिशा व्यास को प्रत्याशी बनाया गया है।

7 लाख रू. से अधिक की ठगी का मामला एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज है 33 शिकायतें

टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)। पुरानी टोंक पुलिस एवं डीएसटी ने ऑपरेशन साइबर वॉर अभियान के तहत साइबर अपराध के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही में लाखो रुपये की साइबर ठगी का पदार्फाश करते हुए 2 साइबर ठगो को गिरफतार किया है। आरोपी आकाश व सुनिल मीना द्वारा सोशल मीडिया एप के माध्यम से आम जनता को राशि इन्वेसमेन्ट करने का झांसा देकर ठगी की जाती थी। साइबर ठगी में कुल 139 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया जाना सामने आया है। तथा एनसीआरपी पोर्टल पर आरोपीयों के खिलाफ कुल 33 शिकायतें दर्ज है, जिनमें कुल 7लाख10हजार रुपये फ्राड राशी होना पायी गयी है। आरोपियो के कब्जे 12 हजार रुपये फ्राड राशी, 4 मोबाइल फोन व 2 मोटरसाईकिल बरामद की है।

वृंदावन रास व फूलों की होली में उमड़े श्रद्धालु, भजनों की गूंज के साथ खेली फूलों की होली



निवाई (सीमा सन्देश संवाददाता)। प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में आर्यवीर कलाकार रंगमंच संस्थान के कलाकारों द्वारा अलौकिक वृंदावन रास व फूलों की होली का मंचन किया गया। जिसमें शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र जयसिंहपुरा, भाजपा चुनाव प्रभारी नीरज शर्मा एवं शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा सहित कई पार्षदों द्वारा मंच पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण की संयुक्त महाआरती व दीप प्रज्वलन करके किया। रंगमंच संस्थान के पवन शर्मा गुरूजी ने बताया कि रामलीला में महारास के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण व राधारानी के अलौकिक प्रेम व ब्रज की पारंपरिक होली को जीवंत कर दिया। कलाकारों ने पारंपरिक ब्रज धुनों पर होरी खेल रहे नंदलाल, मथुरा की कुंज गलीन में, आज बिरज में होरी रे रसिया, फाग खेलन आए हैं बनवारी सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे स्टेडियम भक्ति के रस में सराबोर हो उठा। भजनों के सुरों एवं ढोलक-झांझ की थाप पर दर्शक उत्साहित होकर झूमने लगे एवं पूरा परिसर राधे-राधे व जय श्री कृष्ण के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर गुलाब, गेंदा व मोगरे के फूलों की वर्षा शुरू हुई, तो पूरा पांडाल सुगंध से महक उठा। इस दौरान महिला, पुरुषों, बुजुर्गों एवं नन्हें बालक-बालिकाओं ने राधा-कृष्ण पर फूल बरसाकर जमकर फूलों की होली खेली। देर रात तक चले इस भक्ति रस से ओत-प्रोत कार्यक्रम में दर्शक मंत्रमुग्ध होकर जमे रहे।

कब्जा नोटिस

चूंकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए) (इसके बाद "ARCIL" के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के पास वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं। और चूंकि नीचे दी गई तालिका के कॉलम नंबर 2 में उल्लिखित उधारकर्ता / सह-उधारकताओं ने मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया था और ARCIL ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है। और चूंकि ARCIL, सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेनदार होने के नाते, और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 2 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकताओं / सह-उधारकताओं को मांग सूचना जारी कर नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज सहित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया था, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ पर नोटिस की तामील नहीं हो सकी।

एलएएन सं. / मूल ऋणदाता का नाम / मांग सूचना की तारीख /	उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम	डिमांड नोटिस की तारीख के अनुसार रुपये में कुल बकाया राशि
एलएएन: MFLSECURAJL000005449147 मूल ऋणदाता: मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड मांग सूचना की तारीख: 14-04-2026 ट्रस्ट का नाम: Arcil-Trust-2026-018	विकास चौधरी / मानसी जाट	30/01/2026 के अनुसार रु. 12,67,084.4/- (रुपये बारह लाख सड़सठ हजार चौरासी और चार पैसे मात्र)

संपत्ति का विवरण: खसरा नंबर 110, 111, 23, 26, 27, 70, 71, 88, 89, 90, 92 शामिल आवासीय संपत्ति, जो ग्राम अकेड़ा चौड़, तहसील रामपुरा डाबड़ी, जिला जयपुर (राजस्थान), अधिमापन 200.00 वर्ग गज और जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर: स्वयं का प्लॉट, दक्षिण: फूलचंद जी का मकान, पूर्व: स्वयं की भूमि, पश्चिम: स्वयं का 13 फीट का रास्ता।

अतः, उपरोक्त उल्लिखित उधारकताओं / सह-उधारकताओं को यह नोटिस दिया जाता है, और उनसे मांग की जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता के सामने ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। संबंधित उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, ARCIL ऊपर वर्णित संपत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु धारा 13(4) के तहत कार्रवाई करने के लिए विवश होगा। अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से भी नोटिस की तामील कराने के कदम उठाए जा रहे हैं। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार, बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण हेतु सार्वजनिक नीलामी या निजी समझौते की सूचना के प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय, Arcil द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और लागतों के साथ संपूर्ण देय राशि का भुगतान करके छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के तहत, आपको सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित करने और/या किसी भी तरह से लेनदेन करने से रोका जाता है।

स्थानः राजस्थान हस्ता./-अधिकृत अधिकारी,
तारीखः 24.10.2026 एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

Arcil Premier ARC
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड,
CIN - U65999MH2002PLC134884, वेबसाइटः www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028। दूरभाष सं.: 022-66581300

GRIHUM Housing Finance
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्वएनों, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014। शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी, कोटा, राजस्थान-324007
ई-नीलामी- बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 11.11.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1	ऋण संख्या लोन नं. HF0199H21100429 शेफाज खान (उधारकर्ता) सुल्ताना (सह-उधारकर्ता	नोटिस दिनांक: 09-03-2026 कुल बकाया: रु. 10,74,661/- (रुपये दस लाख चौहत्तर हजार छह सौ इकसठ मात्र) 03-09-2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 14.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	ग्राम आनंदपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा (राजस्थान) के खसरा नंबर 419/274 (दक्षिण), 421/275 (दक्षिण) के भूखण्ड के भाग प्लॉट नंबर 21 (कॉर्नर) 'आदश नगर' के सभी खण्ड व हिस्से। जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट है और भूखंड की सीमाएं: पूर्व:- प्लॉट नं. 20 पश्चिम:- रोड 25 फीट उत्तर:- प्लॉट नं. 22 दक्षिण:- रोड 30 फीट	रु. 7,00,000.00/- (रुपये सात लाख मात्र)	रु. 70,000.00/- (रुपये सत्तर हजार मात्र)	09.11.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	04.11.2026 (प्रात: 11- सायं 4 बजे)	11.11.2026 (प्रात: 11- सायं 2 बजे)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड-ICIC0000915 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 09.11.2026 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता -पता: प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी, कोटा, राजस्थान-324007 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grih